# Class-X
## Pre-Mid Term Paper 2025-26
## Subject – Hindi (Code – 085)
## Set – A1

| निर्धारित समय – 2 घंटे | अधिकतम अंक – 50 |
|---|---|
| सामान्य निर्देशः<br>1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।<br>2. प्रश्नों की कुल संख्या 11 हैं।<br>3. उत्तर पुस्तिका में सेट–संख्या अवश्य लिखिए।<br>4. यथासम्भव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।<br>5. कुल पृष्ठों की संख्या 05 है। | |

**1. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **4×1 = 4**

(i) लंका के राजा रावण का वध श्रीराम ने किया था। – इस वाक्य से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ii) <u>बढ़–चढ़कर बोलने वाले आप</u> कौन हैं? – रेखाकिंत पदबंध का नाम लिखिए।

(iii) नाव पानी में डूबती चली गई। – वाक्य में पदबंध छाँटिए तथा भेद भी बताइए।

(iv) मैंने <u>आधी रात तक</u> आपकी प्रतीक्षा की। – रेखाकिंत पदबंध का नाम बताइए।

**2. 'रचना के आधार पर वाक्य–रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(4 × 1 = 4)**

(i) 'दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा' – वाक्य का भेद लिखिए।

(ii) भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जुलूस को रोक नहीं सकी – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(iii) उदाहरण द्वारा सरल एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iv) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध–बुध खोने लगा – वाक्य के भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**3. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(4 × 1 = 4)**

(i) 'यथाशक्ति' समस्तपद का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए।

(ii) तत्पुरूष समास में कौन–सा पद प्रधान होता है, कैसे?

(iii) 'घुड़सवार' समासिक पद का विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए।

(iv) 'नीलकमल' कर्मधारय समास है, कैसे?

4. **'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(4 × 1 = 4)**

(i) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' – मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ii) 'पन्ने रंगना' – मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(iii) 'अंग्रेजी पढ़ना कोई हँसी–खेल नहीं है कि जो चाहे पढ़ ले। इस पंक्ति में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(iv) परीक्षा भवन पहुँचकर जब उसे अपना पेन्सिल बॉक्स नहीं दिखा तो उसके ..................... गए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(v) पढ़ाई के लिए इतनी मेहनत! इतनी मेहनत के लिए तो मुझे ...........................। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

5. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए–** **(5 × 1 = 5)**

सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै।
दुखियां दास कबीर है, जागै अरू रोवै।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ ।।

**(क) पहले दोहे में 'सोना' और 'जागना' प्रतीक हैं–**

(A) अज्ञानता और ज्ञान के
(B) निष्क्रियता और सक्रियता के
(C) अचेतनता और चेतनता के
(D) निर्जीवता और सजीवता के।

**(ख) कबीर दुःखी हैं; क्योंकि वे–**

(A) एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे हैं
(B) ईश्वर से वियोग के कारण व्यथित हैं
(C) सांसारिक सुखों का भोग नहीं कर पा रहे हैं
(D) ईश्वरीय सत्य से लोगों को परिचित नहीं करवा पा रहे हैं।

**(ग) 'मंत्र न लगना' का आशय है–**

(A) मंत्रों का निष्फल होना
(B) पूजा–पाठ का काम न आना
(C) कोई उपाय काम न आना
(D) मंत्रोच्चार की विधि न जानना।

**(घ) राम वियोगी व्यक्ति की तुलना किससे की गई है–**

(A) विक्षिप्त व्यक्ति से
(B) विरहरूपी व्यक्ति से
(C) विषयुक्त सर्प के तन से
(D) विरहरूपी सर्प से ग्रसित व्यक्ति से।

**(ड.) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

कथन (A)–सांसारिक मनुष्य सुखपूर्वक जीवनयापन कर रहे हैं।

कारण (R)–वह भौतिक सुखों को ही सच्चा सुख मानते हैं।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(B) कारण (R) सही है, किंतु कथन (A) गलत है।

(C) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**6.** महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े–बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ? घमंड ने उसका नामोनिशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं। अभिमान किया और दीन–दुनिया दोनों से गया।

**(क) जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो।' पंक्ति का आशय है–**

(A) पुस्तकीय ज्ञान का अक्षरशः अर्थ समझना

(B) पुस्तकीय ज्ञान से बुद्धि का विकास करना

(C) पुस्तकीय ज्ञान से परीक्षा पास करना

(D) पुस्तकीय ज्ञान से अच्छे अंक लाना।

**(ख) रावण के चक्रवर्ती होने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

(i) सब राजा उसे कर देते थे।

(ii) बड़े–बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे।

(iii) वह बहुत धनवान था।

(iv) वह भूमंडल का स्वामी था।

(A) (i) और (ii)

(B) (i), (ii) और (iv)

(C) (ii) और (iii)

(D) (i) और (iv)

**(ग) निम्नलिखित कथन–कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

कथन (A) – आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे।

कारण (R) – अभिमान किया तो दीन–दुनिया दोनों से गया।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(B) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(C) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।'

(D) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(घ) बड़े भाई ने लेखक को रावण का उदाहरण क्यों दिया–**

(A) रावण के अंत से परिचित कराने के लिए

(B) रावण की शक्ति से परिचित कराने के लिए

(C) लेखक की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए

(D) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए।

**(ङ.) 'चुल्लू भर पानी देने वाला' मुहावरे का अर्थ है–**

(A) प्यासे को पानी पिलाने वाला

(B) थोड़ी–सी सहायता करने वाला

(C) दुःख के समय साथ देने वाला

(D) कंजूसी से जीवन बिताने वाला।

**7. 'स्पर्श' पाठ्य–पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **2 × 2 = 4**

(i) 'मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।' भाव स्पष्ट कीजिए।

(ii) कहानी 'बड़े भाई साहब' के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती हैं?

**8. 'संचयन' पाठ्य–पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** **2 × 3 = 6**

(i) कथाकार और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं?

(ii) अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**9.** **निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए –** **3**

योग को बढ़ावा देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

गांधी जयंती के अवसर पर खादी वस्त्रों पर 20% की छूट का उल्लेख करते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**10.** **निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए –** **5**

आप विद्यालय के हिंदी संघ के सचिव रजत और श्वेता हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकालय में हिंदी की अच्छी पुस्तकें व पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए निवेदन किया गया हो।

अथवा

चिकित्सकीय अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**11.** **निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर पर दिए गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –** **5**

**क)** **साइबर सुरक्षा**– समय की माँग

- साइबर सुरक्षा का अर्थ
- साइबर जगत के सम्भावित खतरे
- साइबर सुरक्षा का महत्व

**ख)** **प्रकृति की रक्षा मानव की सुरक्षा**

- मनुष्य प्रकृति का अंग
- प्रकृति से खिलवाड़
- दुष्प्रभाव और दूर करने के उपाय।